<u>भर्ती हेतु सूचना</u>

<u>वरिष्ठ परामर्शदाता–अवसंरचना (एनएचएम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)</u>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

योग्यताः
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा आईआईटी या एनआईटी से सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई. या बी.टेक.। संरचना इंजिनियरिंग या निर्माण प्रबंध में एम.ई./एम.टेक. को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

न्यूनतम अनुभवः
बड़े आकार की/बहुमंजली इमारतों या अस्पताल परियोजनाओं से संबद्ध कार्यों सहित सिविल कार्यों के योजना निर्माण, निविदा, निष्पादन, और संविदा प्रबंध के क्षेत्र में पंद्रह वर्षों का अनुभव। केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारी सिविल निर्माण परियोजनाओं/स्वास्थ्य केंद्रों से संबंधित परियोजनाओं का अनुभव और सीपीडब्ल्यूडी/राज्य पीडब्ल्यूडी प्रक्रियाओं के तहत परियोजनाओं के ज्ञान और कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

भूमिकाएं और दायित्वः
कार्य दायित्वों में निम्नलिखित शामिल होंगे किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैः

(क) मंत्रालय में प्राप्त संकल्पना योजना (ओं)/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (टें)/अनुमानों की जांच/समीक्षा करना और सलाह के रूप में आवश्यक सुझाव/सिफारिशें प्रस्तुत करना;
(ख) सिविल कार्यों के लिए निविदा दस्तावेजों की जांच/समीक्षा करना और सलाह देना;
(ग) एनएचएम परियोजनाओं में सिविल कार्यों से संबंधित और उनके कार्यान्वयन के दौरान उठने वाले सभी तकनीकी मुद्दों की जांच करना और सलाह देना;
(घ) विशिष्टताओं के मूल्यांकन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना और सलाह देना;
(ङ.) योजनाबद्ध कार्यक्रम के कार्य की प्रगति का मूल्यांकन करना और निर्माण कार्यक्रम को अद्यतन करना और सलाह देना;
(च) संभावित समस्या वाले क्षेत्रों, देरी के संभावित कारणों/चूक का पता लगाना और निवारक एवं आकस्मिक कार्रवाई का सुझाव देना और सलाह देना;
(छ) एनएचएम प्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य और सभी कार्यों को पूरा करना।

संविदा की अवधिः
व्यक्तिगत साक्षात्कार सहित छंटनी प्रक्रिया के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्णतः संविदा आधार पर आरंभ में एक वर्ष के लिए नियुक्त करने पर विचार किया जाएगा, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन के उपरांत आगे बढ़ाया जा सकता है।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच – वचार–विमर्श के उपरांत उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक निर्धारित किया जाएगा।

*□□□□□ □□□□□□□□□ □□ □□□□□□□□ □□□□ □□□□ □□□□ □□ **15** □□□□□ □□ □□□□ □□□□□□□ □□□□ □□ □□□□□□□□ □□□□

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **2-Jul-2018** तक nhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप

में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।